# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# दिया कुमारी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश

राजेश चौधरी

Published on 30 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

राजस्थान सरकार में सहयोगी एवं माननीया उप मुख्यमंत्री श्रीमती **दिया कुमारी** जी के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री **भजनलाल शर्मा** ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वे श्री **गोविंद देव जी** से माननीया उपमुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सक्रिय सार्वजनिक जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमती दिया कुमारी का अनुभव, समर्पण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता राज्य सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि माननीया उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से राजस्थान सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लक्ष्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाती रहेगी।

राज्यभर से जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने भी माननीया उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.